**प्रेस नोट दिनाँक- 20.11.2023**

**(1).** आज दिनाँक 20.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(2).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 20.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओं को **“मिशन शक्ति”** व **‘‘शक्ति दीदी’’** के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे- चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है ।

**(3). पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री भास्कर मिश्रा के मार्गदर्शन में** उ0नि0 श्री कन्हैयाबक्श सिंह तथा उनकी टीम द्वारा ग्राम नादिन कुर्मियां से अभियुक्त 1. शैलेश सिंह पुत्र घनश्याम सिंह 2. गजेंद्र सिंह पुत्र चन्द्रदत्त सिंह 3. कौशल कुमार गर्ग पुत्र राजवंत निवासीगण नादिन कुर्मियान 4. सुधीर कुमार पुत्र राजाराम निवासी शिक्षक कालौनी कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों पर हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 12000/- व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामातलाशी से 3000/- रुपये बरामद किये गये । अभियुक्तों के विरुद्ध थाना राजापुर धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।

**बरामदगीः-**

1. मालफड़ 12000/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते
2. जामातलाशी से 3000/- रुपये

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. उ0नि0 श्री कन्हैयाबक्श सिंह थाना राजापुर
2. आरक्षी उमेंद्र त्रिपाठी
3. आरक्षी जितेंद्र मौर्य
4. आरक्षी शुभम त्रिपाठी
5. आरक्षी निशांत यादव
6. आरक्षी अंकित शुक्ला

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीम वृंदा शुक्ला के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 01 वांछित व 03 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

**(i).** निरीक्षक अपराध श्री आशुतोष तिवारी थाना कोतवाली कर्वी, आरक्षी पियूष शरण श्रीवास्तव, आरक्षी जयनारायण पटेरिया, महिला आरक्षी शिवानी सिंह द्वारा मु0अ0सं0 684/2023 धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त पंकज पुत्र लालदास निवासी खोह थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(ii).** उ0नि0 श्री राजेश कुमार राय एवं उ0नि0 श्री देवीदीन बुन्देला थाना सरधुवा द्वारा मु0नं0 226/119 धारा 138 विद्युत अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त सत्यनारायण पुत्र शम्भूनाथ निवासी नहरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(iii).** उ0नि0 श्री रामाधार सिंह थाना बरगढ़ तथा उनके हमराही आरक्षी शिवधनी प्रजापति द्वारा मु0नं0 18/2018 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के वारण्टी अभियुक्त राजू कहार पुत्र पन्नालाल निवासी कस्बा व थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(iv).** उ0नि0 श्री शिवपाल सिंह थाना कोतवावी कर्वी तथा उनके हमराही आरक्षी मंगला प्रसाद द्वारा मु0नं0 154/2014 धारा 125 सीआरपीसी के वारण्टी अभियुक्त राजाराम निषाद पुत्र स्व0 दुर्गा प्रसाद निषाद निवासी डिलौरा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

**(5).** आज दिनांक 20.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में जनपद के व्यापारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। इस गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा व्यापारी बंधुओं से उनकी समस्याएं पूछी गई एवं उनके पूर्ण समाधान हेतु सभी को आश्वस्त किया गया। गोष्ठी के दौरान महोदया द्वारा सभी से अपील की गयी कि अपनी-अपनी दुकानों एवं मकानों के सामने सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवायें जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर उसकी संपूर्ण जानकारी कैमरे में कैद हो सके।

इस गोष्ठी के दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री अजीत कुमार पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(6).** आज दिनांक 20.11.2023 को माननीय प्रभारी मंत्री उ0प्र0 सरकार श्री नरेंद्र कश्यप द्वारा माननीय बांदा चित्रकूट सांसद श्री आर.के. पटेल, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी चित्रकूट सुश्री अमृतपाल कौर की उपस्थिति में पुलिस लाइन में निर्माण अधीन भावनाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को निर्माण कार्य अति शीघ्र पूर्ण कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष श्री पंकज अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**(7).** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा जनपदीय पुलिस विभाग के साथ स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम चलाये जाने के क्रम में आज दिनांक 20.11.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के

निर्देशन में क्षेत्राधिकारी राजापुर/नोडल अधिकारी स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियेन्शल लर्निंग प्रोग्राम श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में SPEL कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री राज कमल द्वारा गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय चित्रकूट से चयनित 50 छात्रों को साइबर क्राइम, सोशल मीडिया एवं विशेष जांच प्रकोष्ठ के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से पढ़ाया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी छात्रों को पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कराया गया एवं सभी शाखाओं की कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से बताया गया।

इस दौरान सोशल मीडिया/साइबर सेल प्रभारी श्री विजय सिंह, मुख्य आरक्षी देवेन्द्र चौधरी, आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी प्रशांत एवं महिला आरक्षी रिंकी यादव द्वारा अपनी-अपनी शाखाओं के सम्बन्ध में बताया गया।

**(8).** आज दिनांक 20.11.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में नोडल अधिकारी SPC क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना पहाड़ी के एसपीसी पुलिस अधिकारी उ0नि0 श्री विपिन कुमार मिश्रा द्वारा राजकीय हाईस्कूल असोह एवं राजकीय हाईस्कूल नोनार में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट्स के छात्रों को सामाजिक मूल्य एवं आचार-विचार, सामाजिक मूल्य क्या है, आचार विचार क्या है, सामाजिक मूल्य एवं आचार विचार का महत्व क्या है, धैर्य क्या है, धैर्य के लाभ क्या-क्या हैं के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से पढ़ाया गया।

इस दौरान में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट की छात्राओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु महिला व बाल अपराध के बारे में प्रशिक्षित /जागरूक किया गया। शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट्स वितरित किये गए।

स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को बताया गया कि उनके साथ हो रहे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के सम्बन्ध में पुलिस से ‘‘चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो’’ जिससे उनके साथ हो रहे उत्पीड़न को रोका जा सके। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को गुड-टच, बैड-टच के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से जानकारी देते हुये बताया गया कि अक्सर छोटे-छोटे बच्चों को हमारे जानने वाले ही बैड-टच करते हैं और हम समझ नहीं पाते, इसके सम्बन्ध में खुलकर बतायें तथा घर पर अपने छोटे भाई/बहन को भी गुड-टच, बैड-टच के सम्बन्ध में बतायें।